तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 20 जून 2024

3 85 हजार किसानों के खाते में 17 करोड़ 31 लाख की सम्मान निधि अंतरित





## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर ग्रामीणों में मारपीट

**रायगढ़।** जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम खलबोरा में जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण से मारपीट का मामला सामने आया है। इस केस में पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ सम्बंधित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रार्थी ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ग्राम खलबोरा में रहता हूं। खेती किसानी का काम करता हूं। मेरा गांव के बलदेव बिरहोर एवं उसका लडका रामो बिरहोर के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। इसी जमीन विवाद की बात को लेकर मेरे से रंजिश रखते है। बीते दिनांक 17 जून को मैं अपने पिताजी सुखलाल बिरहोर के घर में घूमने गया हुआ था। वहां से वापस आते समय सुबह करीब 10 बजे जैसे ही सोनसाय बिहरोर के घर के सामने पहुंचा ही था। उसी समय दोनों मेरे पास आये और जमीन विवाद की बात को लेकर तुम हम लोगों का जमीन को मेरा जमीन है कहकर कमाने नही देते हो कहते हुये पास में पडा डण्डा को उठाकर मारा। दोनो मारपीट कर वहां से भाग गये मारपीट करने से काफ़ी चोटें आईं हैं।

### बिजली के पोल पर चढ़े युवक की करंट से मौत

**धरमजयगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक घटना सामने आई है जिसमे बागडाही निवासी एक नवयुवक नंदूराम की बिजली करंट से दर्दनाक मौत हो गई है। हालांकि सूचना पर पुलिस मौके पहुंचकर आगे की आवश्यक जांच कार्यवाई कर रही है। बिजली व्यवस्था में सुधार लाने व बिजली सुचारू ढंग से गांव में जारी रहे इसी को लेकर गांव का एक युवक नंदूराम बिजली पोल में चढ़ गया और उसमें सुधार लाने प्रयास करने लगा लेकिन उसी दौरान बताया जा रहा है तार में दौड़ रही 11 केबी करंट के संपर्क में आ जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बता दें धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बागडाही में आज करीब 11 से 12 बजे के बीच वहीं के निवासी नंदूराम बिजली पोल करंट के संपर्क में आने से मौत हो गई है बताया जा रहा है यह घटनाक्रम आज सुबह करीब 11 और 12 के बीच की है जिसमे मृतक नंदूराम गांव में बिजली व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए मेन बिजली कनेक्शन पोटिया से ट्रांसफॉर्मर जंफर कनेक्शन को अलग किया गया लेकिन बिजली लाइन अलग नही हो पाने की स्थिति में नंदूराम के पूरे शरीर मे 12 केबी का करंट दौड़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद पुलिस आगे की उचित एवं आवश्यक जांच कार्यवाई में जुटी हुई है।

### राज्य सरकार ने नपं में हुई धांधली पर की बड़ी कार्रवाई

# नपं घरघोड़ा सीएमओ समेत तीन इंजीनियर, लेखापाल का निलंबन

aहरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में सड़क निर्माण और विकास कार्य में गड़बड़ी को लेकर मिली शिकायत के जाँच पश्चात आरोप प्रमाणित होने पर नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत 3 इंजीनियर और एक लेखापाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि पूर्व नपं अध्यक्ष शिशु विजय सिन्हा ने नगर पंचायत घरघोड़ा क्षेत्र में विकास कार्य गड़बड़ी की शिकायत नगरीय प्रशासन में करते हुए जांच की मांग की थी।

शिकायत के आधार पर संयुक्त संचालक बिलासपुर नगरीय प्रशासन द्वारा एक जांच कमेटी बनाई गई थी। जांच कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर मामले में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता, तीन उप अभियंता अजय प्रधान प्रदीप पटेल और निखिल जोशी एवं लेखपाल को मामले में दोषी पाया। इन सभी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।नगर पंचायत घरघोड़ा में अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने, विभिन्न वार्डों में कराये गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, गुणवत्ताहीन सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भुगतान करने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि के सत्यापन किये बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित संपादित कराने के लिए सुमित मेहता प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी उत्तरदायी पाये गये है। राज्य सरकार ने सुमित मेहता को सस्पेंड कर दिया है। उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में अटैच किया है।




### लेखपाल जयानंद साहू भी सस्पेंड

नगर पंचायत घरघोड़ा में विभिन्न वार्डों में कराये गये सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्ड के प्रतिकूल गुणवत्ताविहीन कार्य का भुगतान कराने हेतु जयानंद साहू लेखापाल घरघोड़ा उत्तरदायी पाये गये है। इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### 3 उप अभियंता भी सस्पेंड

नगर पंचायत घरघोड़ा में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्यों का माप पुस्तिका में इंद्राज नहीं करनेए निर्माण के दौरान परीक्षण हेतु क्यूब नहीं लेने, निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान करने की अनुशंसा के लिए प्रदीप पटेल तत्काल उप अभियंता घरघोड़ा वर्तमान में उप अभियंता नगर पंचायत किरोड़ीमल उत्तरदाई पाए गए हैं। इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसी तरह अस्सिटेंट इंजीनियर प्रदीप पटेल व उप अभियंता निखिल जोशी को भी नपं घरघोड़ा में विभिन्न वार्डों में कराये गये सीसी रोड़ निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं करानेए कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सडक की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खोदाई। जीएसबी बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किये जाने, अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि के सत्यापन किये बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित संपादित कराने के लिए अजय प्रधान तत्काल उप अभियंता घरघोड़ा वर्तमान में उप अभियंता नगर पंचायत पुसौर उत्तरदायी पाये गये है। इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।



## सरसींवा का करोड़पति ठगबाज शिवा साथियों समेत गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

पिछले कई महीने से पुलिस के साथ आंख मिचौली का खेल खेल रहा छत्तीसगढ़ का महाठग शिवा साहू आखिरकार गिरफ्तार हो गया है। पुलिस ने इसे करीब 2 करोड़ रूपए की शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शिवा सहित 7 अन्य आरोपी साथियों को भी ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सारंगढ़ एसपी पुष्कर शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद प्रेसवार्ता कर कार्रवाई की विस्तार से जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक शिवा साहू के खिलाफ सरसींवा थाना पुलिस के पास सक्ति के सौरभ अग्रवाल ने 2 करोड़ रुपये की ठगी और बेलमुड़ी के गिरवर निराला ने 26 लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज कराया था। जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने महाठग शिवा साहू सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें शिवा का दोस्त सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू और भागवत साहू शामिल है। शिवा पर कुल 2 करोड़ 26 लाख रूपए की ठगी का आरोप है, ये पूरी कार्रवाई सरसिंवा पुलिस द्वारा की गई है। 'पुलिस के मुताबिक शिवा साहू के खिलाफ आरोप हैं कि उसने लोगों ने पैसे डबल करने के नाम पर धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि शिवा ने 30 प्रतिशत ब्याज देने का वादा किया था और कहा था कि पैसे आठ महीनों में दोगुने हो जाएंगे। उसने चार लोगों से 2 करोड़ से अधिक की ठगी की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शिवा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। वहां लोगों की भीड़ ने थाने को घेर लिया था और नारेबाजी करते हुए शिवा को अपने साथ ले गए।

## निगम आयुक्त ने ली नगरीय निकायों के सीएमओ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शासन द्वारा नगरीय निकायों के परिसीमन से संबंधित समय सारणी के साथ संपूर्ण नियम जारी किया गया है। आने वाले समय में इसका और भी प्रशिक्षण होगा। इस पर शासन के समस्त नियमों का पालन करते हुए परिसीमन की कार्यवाही सभी नगरीय निकाय सीएमओ को करनी है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा प्रत्येक टीएल की बैठक में होगी। इसमें लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने सभी को कार्य करना होगा।

उक्त बातें निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार को आयोजित जिले की नगरीय निकाय समीक्षा बैठक में कही। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सबसे पहले नगरीय निकाय में बरसात पूर्व नाला सफाई की जानकारी ली। इसके बाद कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने जल आपूर्ति सोर्स के डाउन साइट एवं हैंड पंप को चिन्हांकित करने और समय पर क्लोरिनेशन के कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी सीएमओ अपने अपने क्षेत्र में सतत निरीक्षण करें और बरसात होने पर यदि जल आपूर्ति हैंडपंप मोटर आदि के पास पानी जमा हो गया है तो इसे तुरंत पीने के उपयोग में नहीं लेने उबाल कर या क्लोरीन टैबलेट डालकर ही पीने के उपयोग में लेने संबंधित अपील करने मुनादी कराकर जन जागरूकता लाने की बात कही। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य पर चर्चा की गई। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सभी सीएमओ को कहा कि शासन द्वारा तय लक्ष्य के अनुसार सभी को प्रगति लानी है। प्रगति की समीक्षा प्रत्येक टीएल की बैठक में होगी। इसे देखते हुए ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सीएमओए मिशन प्रेरक को कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद शासन द्वारा जारी परिसीमन के निर्देशोंए समय सारणी पर चर्चा की गई। इस पर प्रारंभिक प्रकाशन करनेए दवा आपत्ति आदि की जानकारी कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने कहा कि अयोध्याधाम यात्रा जुलाई और अगस्त में प्रस्तावित है, जिसके लिए अभी से तैयारी करने की बात कही गई। इसी तरह आयुष्मान कार्ड बनाने संबंधी कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने और लोगों को इस योजना का लाभ दिलानेए योजना का बेहतर प्रचार प्रसार करने की बात कही गई।

बैठक में जिले के नगर पंचायत पुसौर, किरोड़ीमल, धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा, नगर पालिका परिषद खरसिया के सीएमओ उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य से बहुत धीमी गति से कार्य करने पर पुसौर आवास प्रेरक नंदकुमार चौहान और खरसिया आवास प्रेरक पुष्पेंद्र चंद्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान आने वाले दिनों में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य करने की बात मिशन प्रेरकों को कही गई।

## स्टेट जीएसटी विभाग की उद्योगपतियों और ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक

**रायगढ़।** रायगढ़ स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा आयरन स्टील इण्डस्ट्रीज एवं ट्रांसपोटर्स की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।

बैठक में संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, बिलासपुर संभाग क्रमांक.दो दीपक गिरी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा आयरन स्टील इण्डस्टीज एवं ट्रांसपोर्टरों को ई.वेबिल से संबंधित नवीन प्रावधानों से अवगत कराया गया। बैठक में ट्रांसपोटरों को ई.वेबिल जनरेट करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं समस्त ट्रांसपोर्टरों से नियमानुसार ई.वेबिल जनरेट करने की अपील की गयी। ट्रांसपोटरो द्वारा कोल परिवहन के लिए ई.वेबिल जनरेट करने के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में संयुक्त आयुक्त राज्य कर बिलासपुर संभाग क्रमांक दो को ज्ञापन देने की बात कही गई। आज की बैठक में विभाग की ओर से संयुक्त आयुक्तए राज्य कर बिलासपुर संभाग क्रमांक.दो दीपक गिर, उपायुक्त राज्य कर रायगढ़, राखी अग्रवाल, उपायुक्त राज्य कर संभाग क्रमांक दो सुमित महोबिया एवं वृत्त के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैंठक में म्व्क्ठ के अंतर्गत व्यापार के सुचारू रूप संचालन हेतु किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभाग को अवगत कराए जाने की बात कही गई। साथ ही जीएसटी राजस्व में वृद्धि के लिए संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई एवं समस्या दूर करने का आश्वासन दिया गया।


## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम **(2024-25)** में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**पासपोर्ट साइज फोटो**

महोदय,

......................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम......................................
2. पिता/पति का नाम......................................
3. जन्म तिथि अंकों में......................................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ......................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित......................................
1. मो......................2. मो......................व्हाट्सएप नंबर......................
6. शैक्षणिक योग्यता,......................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**


## कार्य पूर्ण नहीं करने पर ठेका निरस्त, फर्म ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने पर अंतिम सूचना देकर ठेका निरस्त की कार्रवाई की गई। इसी तरह अमानत राशि को राजसात किया गया। महापौर प्रोत्साहन राशि से वार्ड क्रमांक 4 रामभाठा वर्मा फर्नीचर के बगल में सामुदायिक भवन निर्माण का टेंडर प्रक्रिया किया गया था। टेंडर 12.74 लाख रुपए की थी।

टेंडर आनंद हार्डवेयर फर्म को मिला था। पूर्व में फर्म द्वारा प्लिंथ लेवल तक कार्य किया गया। इसके बाद कार्य बंद कर दिया गया। इससे पूर्व निगम प्रशासन द्वारा दो बार ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था। इसी तरह अंतिम सूचना पत्र जारी कर टेंडर निरस्त करते हुए अमानत राशि को राजसात करने के साथ उक्त फर्म को 1 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया।

## अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, दो की मौत

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र निवासी युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पतरापाली कोतरलिया निवासी छबी चौहान पिता कीर्तन चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी कोरियर बांटने का काम करता था। परिजनों ने बताया कि वह खाली समय में मोबाइल अत्यधिक गेम खेलता था। मंगलवार की शाम जब उसकी मां कमरे में आई को फांसी के फंसे पर उसे लटकता देख किसी तरह उसने घर के अन्य सदस्यों को बुला कर उसे उतारा गया। वहीं आनन फानन में जब उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो कुछ देर के प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है, जहां किरोड़ीमलनगर में रहने वाले कंपनी के क्रेन ऑपरेटर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुरेश सिंह पिता रोहन सिंह उर 40 साल जिंदल में ठेका प्रथा के तहत एक कंपनी में क्रेन ऑपरेटर का काम करता था। मंलगवार को वह अपने काम से शाम करीब 4 बजे लौटा और शाम करीब 5 बजे जब उसका भाई घर पहुंचा तो सुरेश का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। ऐसे में इस बात की सूचना पुलिस को दी गई।




## खबर संक्षेप



### सिकलसेल जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर से सिकल सेल जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तियां, बायोमेडिकल इंजीनियर नीति राज सिंह उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायगढ़ नगर निगम क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया के लक्षण जैसे खून की कमी, सिरदर्द तेज बुखार, थकावट सांस फुलना, पेट में सूजन होना हाथ पैर के जोड़ो में दर्द आदि के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान करते कर इसकी जांच करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

### वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी का प्रशिक्षण 24 से

**सारंगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कोर्स का निःशुल्क मासिक प्रशिक्षण 24 जून से प्रारंभ किया जाएगा जो 23 जुलाई तक संपन्न होगा। प्रशिक्षण के लिए वाट्सअप नंबर 7974942078 में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहनाए खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। अधिक जानकारी के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रायगढ़ में और 8656919787, 7999984982 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 35-35 सीट निर्धारित हैं।

### एसडीएम ने की सिकलिंग जांच कार्यक्रम की शुरुआत

**घरघोड़ा।** विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर 19 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में अनुविभागीय अधिकारी रा रमेश कुमार मोर, द्वारा विकासखण्ड स्तरीय सिकलिंग जांच, स्क्रीनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार लकड़ा, चिकित्सा अधिकारी डॉ नैन्सी लकड़ाए डॉ विकास कुमार शर्मा द्वारा सिकलसेल बीमारी के बचावए रोकथाम जांच .उपचार के बारे जानकारी आम जनता एवं सिकलसेल पीड़ति व्यक्तियों को प्रदान की गई। अनुविभागीय अधिकारी रा द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से सिकलसेल जांच किए जाने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने व ग्राम स्तर पर समाज मे जन जागरूकता लाने हेतु उदबोधन किया गया। साथ ही अस्पताल एवं परिसर का निरीक्षण कर स्वच्छता व मरीजो को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को सराहा गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी चिरायु टीम डॉ. भानुप्रकाश कुर्रे, डॉ कामिनी गुप्ता, एवं आरएमए श्रीमती गीता साहू, नर्सिंग सिस्टर श्रीमती गीता चौधरी, स्टॉफ नर्स, बीईटीओ विनोद एक्का, बीएमई पर्यवेक्षक रोहित कुमार डनसेना, बीडीएम सुनित कुजूर व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी, मितानिन उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में वर्चुवल कार्यक्रम, लाभार्थी किसान हुए शामिल

# 85 हजार किसानों के खाते में 17 करोड़ 31 लाख की सम्मान निधि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 17वीं किस्त देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किए। जिसमें रायगढ़ जिले के कुल 85 हजार 612 किसानों के खाते के 17 करोड़ 31 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी हुआ। रायगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आये लाभार्थी किसान वर्चुअल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मोटे अनाज, औषधि गुण वाले एवं प्रकृति खेती की ओर बढन्ना होगा। आज पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के माध्यम से किसानों के लिए एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता बहनों के बिना खेती की कल्पना संभव नहीं है। जिसके लिए माता बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। नमो ड्रोन दीदी की तरह ही कृषि सखी कार्यक्रम ऐसा ही एक प्रयास है। जिसमें कृषि सखी के रूप में कृषि को एक नई ताकत देखने को मिलेगी। इस दौरान श्री मोदी ने सीधे लाभार्थियों के साथ बातचीत कर उनका हाल चाल पूछा। उन्होंने कहा कि अपने किसान भाई.बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।



कृषि केन्द्र में सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों की मौजूदगी में किशत का वितरण।


उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को हर चार महीने में 2000 रुपए की राशि तीन किस्तों में सालाना 6000 हजार रुपए मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नौजवान, नारी शक्ति एवं गरीब किसान विकसित भारत का मजबूत स्तंभ है। यहीं कारण है कि मैं अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत इन्हीं के सशक्तिकरण के साथ कर रहा हूं। इसलिए सरकार बनते ही पहला फैसला किसान एवं गरीब परिवार से जुड़े फैसले लिए हैं।

जिसमें पीएम आवास के तहत नए घर बनाने हो या पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढन्ना, जिससे करोड़ो कृषक परिवारों को आगे बढन्ने में मदद मिले। इस अवसर पर डीन डॉ.एके सिंह, उप संचालक कृषि एके वर्मा एडी अजय जायसवाल, कृषि वैज्ञानिक डॉ मनिषा चौधरी, कृषि वैज्ञानिक डॉ.केडी महंत, एडी भगत, डॉ सविता आदित्य, डॉ. पटेल, डॉ.एमके साहू, आशुतोष सहित कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज धोबी समाज का रजक महोत्सव

सीएम साय और ओपी होंगे मुख्य अतिथि





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ धोबी समाज रायगढ़ जिले का महाधिवेशन रजक महोत्सव 20 जून को इडन गार्डेन बोईर दादर चौक रायगढ़ में होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकृति प्रदान कर दी है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को समाज के लोग पहले ही आमंत्रित कर चुके हैं। यह कार्यक्रम 9 जून को प्रस्तावित था परंतु प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में सभी अतिथि के दिल्ली प्रस्थान करने के कारण कार्यक्रम को आगे बढ़ायाए जो 20 जून को निर्धारित हुआ।

इस आयोजन में विवाह योग्य बेटा बेटी अपना परिचय दे सकेंगे और मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। इसी प्रकार क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह एवं पदम समाज गौरव राम लालबरेठ का अभिनंदन किया जाएगा। महाधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर रायपुर करेंगे। स्वागत समिति का अध्यक्ष समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन को बनाया गया है महाधिवेशन में प्रतिभावान छात्र छात्राओं सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, निर्वाचित, मनोनीत जनप्रतिनिधि पंच, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद एवं समाज के सक्रिय पदाधिकारी का सम्मान किया जाएगा। समाज के प्रवक्ता गंगा निर्मलकर एवं साहेब राम बरेठ ने बताया। इस आयोजन में उड़ीसा झारखंड के भी पदाधिकारी विवाह योग्य बेटा बेटी को लेकर के परिचय देने के लिए पहुंच रहे हैं, महाधिवेशन में विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक रायगढ़, जिला भाजपा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग नेता बालक राम पटेल, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार सेठ, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा नुआपाडा. जनपद पंचायत उड़ीसा के सभापति धोबी समाज के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप निर्मलकर, समाज के प्रदेश महामंत्री चंद्रहास निर्मलकर, भोज राम कर्षेल जिला बालोद, चैतराम निर्मलकर जिला अध्यक्ष राजनंदगांव, टेकराम निर्मलकर प्रदेश संगठन मंत्री डोंगरगांव, जगजीवन निर्मलकर गुरु राज अध्यक्ष जिला बालोद, पार्षद रामचरण कर्ष के अलावा कई नामचिन हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

## प्राकृतिक आपदा का मुआवजा देने पुलिस रिपोर्ट की प्रतीक्षा

**रायगढ़।** जून के प्रारंभ में आंधी तूफान से करियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग चिटकाकानी में हादसा हो गया था। कॉलेज बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर की छत पर करीब दो साल से अधूरी पड़ी जर्जर दीवार नीचे गिर गई। नीचे योगेश साहू निवासी रक्सा सारंगढ़ का पांच वर्षीय पुत्र मयंक खेल रहा था। दीवार सीधे मयंक पर गिरी और उसकी मौत हो गई।

मयंक का छोटा भाई भी बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना की सूचना एसडीएम रायगढ़ और चक्रधर नगर पुलिस को मिली। दरअसल यह मामला कॉलेज प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही से जुड़ा है। पुरानी दीवार जर्जर हो चुकी थी। अभी वहां नए भवन का निर्माण चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटिया निर्माण की वजह से दीवार गिरी।

### पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा शासकीय किरोड़ीमल विज्ञान एवं कला महाविद्यालय में भूमि का पुर्नद्धार मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की शक्तिए हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नद्धार की पीढ़ी है विषय पर महाविद्यालयीन, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य के साथ पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक कविता वाचन प्रतियोगिता कक्षा 9 वीं से 12 वीं तकए भाषण प्रतियोगिता महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए तथ ईको फ्रैन्डली क्राफ्ट प्रतियोगिता सभी वर्गो के लिए आयोजित किया गया।

# सड़क के गड्ढे नहीं भरे जाने से राहगीर परेशान, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



नगर पंचायत कार्यालय के सामने महात्मा गांधी चौक के पास सड़क पर गड्ढे को समय पर नहीं भरा जा रहा है। जिससे उसका आकार बढ़ता जा रहा है और वह बदहाल होती जा रही है। जिससे इन पर गुजरने वाले राहगीर परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार अफसर इनकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिणाम स्वरुप लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नगर पंचायत सरिया के मुख्य मार्ग तथा गांधी चौक व नगर पंचायत कार्यालय के सामने लंबे समय से यहां सड़क पर गड्ढा बना हुआ है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है।

बरसात के समय गड्ढे में पानी भरे रहने से स्कूली छात्र छात्राओं सहित आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है। यह सब जानते हुए नगर पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि भी खामोश बैठे हुए हैं। किसी ने इस और सुधार कार्य के लिए ध्यान नहीं दिया। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में सबसे पहले अतिथियों का स्वागत यही से प्रारंभ होता है। गाजेबाजे एवं आतिशबाजी के साथ अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया जाता है। लेकिन इसी स्थल के पास सड़क पर गड्ढे को कोई भी जिम्मेदार इसके मरम्मत के लिए आगे नहीं आते। विगत दिनों सांसद महोदय का सरिया आगमन हुआ यह सब जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी सड़क के गड्ढे को काटने में रुचि नहीं दिखाई बदहाल सड़क से होकर सांसद महोदय को आना पड़ा बदहाल सड़क के कारण हमेशा भय बना रहता है। विदित हो कि चंद्रपुर मार्ग पर भारी वाहनों के आवाजाही पर प्रतिबंध लगने के कारण बड़ी संख्या में भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। जिसके कारण गड्ढा का आकार और बढ़ता जा रहा है। तथा हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बरसात के पूर्व सड़कों की मरम्मत का होना अति आवश्यक माना जाता है।

लेकिन संबंधित विभाग उदासीन रवैया अपना रहा है। जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग किया है कि गांधी चौक स्थित मुख्य मार्ग के सड़क के गड्ढे को शीघ्र मरम्मत की जाए।

### पैदल जा रहे युवक को ट्रेलर ने कुचला

**रायगढ़।** कुडुमकेला मार्ग में पैदल जा रहे एक युवक तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर चालक ने अपनी चपेट मे लियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कुधरीपारा निवासी लालकुमार मांझी 40 वर्ष कुडुमकेला में किसी दुकान में काम करता थाए जिससे बुधवार की सुबह भी काम पर गया था और रात में दुकान बंद होने के बाद वह पैदल ही अपने गांव जाने के लिए निकला था। इस दौरान रात करीब 10 बजे कुडूमकेला कुधरीपारा मोड़ के पास पहुंचा था, तभी एक तेज गति से जा रहे ट्रेलर चालक ने उसे अपनी चपेट मे लियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी धरमजयगढ़ के निर्देश पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मृतक के परिजन गांव के पंच सरपंच जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए इनकी मांग है कि दुर्घटनाकारित वाहन को पकडक़र चालक को गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

# जंगल में छिपा कर रखा ट्रेलर बरामद चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

बीते सोमवार की शाम थाना पूंजीपथरा में ट्रेलर वाहन सीजी 13 एएस 9155 के ड्राइवर अनुज कुमार यादव उम्र 24 साल निवासी पटसरा थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड लिखित आवेदन देकर ट्रेलर वाहन चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। ट्रेलर वाहन का चालक बताया कि पिछले 2 महीने से रायगढ़ में आकर अनूप रोड केरियर में ड्राइविंग का काम करता है, ट्रांसपोर्ट की ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एएस 9155 को चला रहा है।

17 जून को दोपहर डोंगामहुआ पावर प्लांट में कोयला खाली कर सुबह करीब 8 बजे ट्रेलर को सर्विसिंग कराने ओम मोटर गेरवानी लेकर आ रहा था। दोपहर करीब 12 बजे सिंघल गेट तराईमाल के पास ट्रेलर को सड़क किनारे खड़ी कर वाहन की चाबी गाड़ी में ही छोड़कर दिशा मैदान के लिए गया था। 20-25 मिनट बाद आकर देखा तो ट्रेलर नहीं थी कोई अज्ञात चोर वाहन चोरी कर ले गया था। ट्रेलर वाहन के डिक्की में रखे ड्राइवर का आधार कार्डए ड्राइविंग लाइसेंस और नगदी रकम 13 हजार रुपए भी अज्ञात चोर ट्रेलर वाहन समेत चोरी कर ले गया था। चोरी के आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। समय रहते वाहन चोरी की सूचना मिलते ही नवपदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा तत्काल माल मुलाजिम की पतासाजी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर सभी थाना क्षेत्र में नाकेबंदी कर चोरी ट्रेलर वाहन की पतासाजी का पॉइंट दिया गया और अपने स्टाफ व ट्रक ड्राइवर को साथ लेकर घटनास्थल जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर चेक किए और मुखबीरों को सक्रिय किया गया। वाहन पतासाजी करते हुए संदेही कुलदीप सिंह को हिरासत में लिया गया। कुलदीप सिंह पूर्व में प्लांट ड्रायवरी का काम करता था, कुछ दिनों से खाली था जिसे वाहन के पास मंडराते देखा गया था। संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने वाहन चोरी कर सराईपाली जंगल में छिपा कर रखना बताया। आरोपी कुलदीप सिंह पिता स्व. लोटन सिंह उम्र 30 साल निवासी बेलझरिया थाना मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही छत्तीसगढ़ के मेमोरेंडम पर चोरी ट्रेलर वाहन सीजी 13 एएस 9155 कीमती 60 लाख रुपए तथा नगदी रकम 2,650 रुपए बजाफ्ता शुमार जप्त किया गया है। पूंजीपथरा पुलिस की तत्परता से वाहन चोरी के आरोपी को चंद घंटे में मय माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर वाहन चोरी की त्वरित कार्यवाही में निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, विजय एक्का, प्रधान आरक्षक राधेश्याम कमल, आरक्षक बालचंद राव, निर्दोश लकडा, सिकंदर तिर्की की अहम भूमिका रही है।



## पूर्व विधायक रोशनलाल की जयंती पर आज रक्तदान शिविर समेत विभिन्न आयोजन

**रायगढ़।** नगर के पूर्व विधायक व जननेता स्व. रोशनलाल अग्रवाल की जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान जीवनदान को चरितार्थ करने रक्तदान 20 जून को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक गौरीशंकर मंदिर के करीब स्थित अग्रोहा भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कमलम परिवार की ओर से आयोजित इस शिविर में सेवा ब्लड बैंक, लक्ष्य ब्लड बैंक, संजीवनी ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के डॉ की देखरेख में किया जाएगा। स्व रोशनलाल के सुपुत्र व युवा भाजपा नेता गौतम अग्रवाल ने बताया कि उनके दिवंगत पिता की जयंती पर उनके आचार और जनसरोकार की भावना पर केन्द्रित अनुमान सामूहिक चालीसा व सुंदरकांड पाठ पौधरोपण सप्ताह, स्वच्छता अभियान व पौधरोपण समेत ज़िले भर में वीभिन्न आयोजन किए जाएंगे।



## प्रतिबंध के बाद भी बरमकेला में जारी रेत का अवैध परिवहन

**रायगढ़।** बारिश का समय आने के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में किसी भी नदी में किसी भी तरह की खुदाई पूर्णतः वर्जित है लेकिन यह आदेश केवल कागजो में सिमित नजर आ रहा है वास्तविकता तो कुछ और ही है बरमकेला की सड़को में रेत माफिया बेधड़क बिना किसी डर भय के अपने वाहनों पर अवैध रेत भरकर जाते दिख रहे है। बरमकेला में आने वाले रेत माफिया लगभग 80 प्रतिशत लोग कटंगपाली से चंद्रपुर रोड होते हुए बरमकेला पहुंचते है जहा सबसे पहले उन्हे थाना पार करना होता जिसे वे निर्भीक होकर पार करते है इसके बाद जो ट्रैक्टर चाँटीपाली चनामुड़ा की ओर जाती है उसे तहसील कार्यलय पार करके गुजरना होते जिसे रेत माफिया बेखौफ़ होकर पार करते है। बरमकेला क्षेत्र मे सबसे ज्यादा तस्कर सुबह 6.8 बजे तक सक्रिय रहते है सुबह सुबह प्रायः हर रोड पर रेत से भरे ट्रैक्टरों की लाइन लगी होती है सबसे ज्यादा चंद्रपुर रोड मे रेत से भरे ट्रेक्टर चलते है।

> इस विषय पर जानकारी प्राप्त करने के दूरभाष के द्वारा सम्पर्क किया तब वे अपना पड़ला झाड़ते नजर आये उन्होंने कहा की आप माइनिंग आफिसर से लिखित शिकायत कीजिए।
>
> **कोमल प्रसाद साहू**
> **प्रभारी तहसीलदार बरमकेला**

## 14 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतरारोड़ को मुखबिर से मिली सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा कुर्मापाली रोड़ पर आरोपी ओम प्रकाश चौहान पिता नेहरू लाल चौहान निवासी सुरसी थाना डभरा जिला सक्ती आरोपी खेमनाथ चौहान पिता लक्ष्मण चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी सुरसी थाना डबरा जिला सक्ती को पैदल अवैध बिक्री के लिये शराब परिवहन करते पकड़ा गया है। आरोपियों के पास 7-7 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुआ है। आरोपियों पर थाना कोतरारोड़ में पृथक पृथक धारा 34(2) 59 (क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड त्रिनाथ त्रिपाठी के निर्देश पर कार्रवाई में प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवंशी एवं आरक्षक चंद्रेश पांडे शामिल रहे।



### मुखबिर की सूचना पर सारंगढ़ पुलिस की कार्रवाई

# 45 किलो गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ

17 जून को सारंगढ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि पिकअप में प्रकाशपुर ओडिसा से गांजा लेकर सरिया आ रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ और गवाहों के ग्राम कंचनपुर मेन रोड में घेराबंदी कर पिक अप को रोका गया! पिक अप की विधिवत तलाशी लेनेपर दो बोरियों में पहली प्लास्टिक बोरी में 23पैकेट तथा दूसरे प्लास्टिक बोरी में 22 पैकेट प्रत्येक पैकेट में एक किलो कुल 45 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

पिकअप चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम ठाकुर मिरधा पिता देवकीलोचन मिरधा उम्र 33 वर्ष सा पाइकमाल जिला बरगढ़ निवासी बताया। आरोपी से बरामद 45 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 450000, एक वीवो कम्पनी का मोबाइल कीमती 3000, और परिवहन में प्रयुक्त पिकअप क्र सीजी 06 जीएक्स 1978 कीमती 50000 कुल कीमती 953000 को समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय के आदेश से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में उप निरी प्रमोद यादव एएसआई रामकुमार प्रआर अर्जुन पटेल, सत्यम मंडलोई आर राजकुमार, अमर खूंटे, अनुज, प्यारेलाल एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




# लापता बालिका गाजियाबाद से बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

घरघोड़ा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र से लापता हुई बालिका को उसके गांव से दस्तयाब किया गया है। बालिका अपने बयान में आरोपी संजय रैकवार उर्फ संजय केंवट निवासी जिला टिकमगढ़ मप्र द्वारा बहला फुसलाकर घरघोड़ा से रायगढ़ और रायगढ़ से गाजियाबाद भगा ले गया था।

गुम बालिका के लापता होने की रिपोर्ट 27 अगस्त 23 को उसकी मां द्वारा थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर दर्ज कराई थी। बालिका की मां बताई कि उसकी लड़की 26 अगस्त 23 के सुबह बिना बताए कहीं चली गई है। आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया। 17 जून को बालिका को दस्तयाब कर बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई कि वर्ष 2022 को उसके माता पिता के साथ गाजियाबाद में रहती थीए पिता के निधन के बाद मां के साथ गांव आ गई। गजियाबाद में संजय रैकवार से जान परिचय हुआ था दोनों मोबाइल पर बातचीत करते थे संजय शादी करने बात बोला था। 26 अगस्त 23 को संजय घरघोड़ा मिलने आया था जिससे मिलने गई। संजय घरघोड़ा से बस में रायगढ़ और रायगढ़ से ट्रेन में बैठा कर गाजियाबाद ले गया जहां गाजियाबाद में किराए के मकान में पत्नी की तरह रखा और जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया। संजय रैकवार बार बार शादी करने के लिए कहने पर शादी नहीं किया और 11 मई 24 बिना बताए किराए मकान से अपने गांव ईशोन चला गया जिससे मोबाईल में संपर्क करने पर नहीं शादी करूंगा कहकर साफ मुकर गया।

पीड़िता के कथन महिला चिकित्सक से डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर प्रकरण में धारा 366,376(2)(ढ) 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित किया गया। तत्काल घरघोड़ा पुलिस टीम टिकमगढ़ आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना हुई और आरोपी संजय रैकवार उर्फ संजय केंवट पिता किशोरी रैकवार उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 07 ईशोन थाना गिधौरी जिला टिकमगढ़ मप्र को उसके सकुनत से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया और जेल दाखिल किया गया।



# कार्तिक ने प्रशंसकों का माना आभार...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से ही प्रशंसकों ने कार्तिक के अभिनय की जमकर तारीफ की साथ ही फिल्म की कहानी भी प्रशंसकों को बेहद पसंद आई। इन दिनों कार्तिक अपनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसकों से मिले प्यार से कार्तिक बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। फिल्म ने अपने चौथे दिन भारत में लगभग 6.01 करोड़ की कमाई की।



लाइफ Style

# पशिमना

## ऋतिक ने दी ये सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋतिक रोशन की बहन और म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी पशिमना रोशन 'इश्क विश्क रिबाउंड'से बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म में वह फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता रोहित सराफ, जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस बीच पशिमना ने एक साक्षात्कार में ऋतिक रोशन से मिली सलाह के बारे में साझा किया। साक्षात्कार के दौरान पशिमना से जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें उनके भाई ऋतिक और चाचा राकेश रोशन से कोई सलाह मिली है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, 'बिल्कुल, मुझे एक कलाकार के रूप में कैसे सुधार करना है और जीवन में कैसे खुद को बेहतर बनाना है, इसके लिए मुझे उनसे सलाह मिली है। एक फिल्म या एक फिल्म निर्माता को एक चरित्र की आवश्यकता होती है। इससे कम पर समझौता नहीं किया जा सकता। असली खेल तो अब शुरू हो रहा है। मैं शुक्रवार को 'इश्क विश्क रिबाउंड'से डेब्यू कर रही हूं। इस फिल्म के बाद मुझे एक फ्रीलांसर की तरह और काम ढूंढना होगा।' अभिनेत्री से जब पूछा गया कि उन्होंने इतनी देर से क्यों डेब्यू किया, तो उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में होना इतना आसान नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। मुझे कैमरे के सामने तैयार रहना पड़ता था। मैं अपने अभिनय और डांसिंग स्किल पर काम कर रही थी। यह केवल एक महीने का सफर नहीं है, इसमें लंबा समय लगता है।

हॉलीवुड मसाला



# डांस मूव्स के लिए हुए ट्रोल...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट इन दिनों अपने एराज टूर पर निकली हुई हैं। इस शो के लिए उनके चाहने वालों में अलग किस्म की दीवानगी देखने को मिल रही है। वहीं, इंटरनेट पर टेलर स्विफ्ट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे वे डांस करती नजर आ रही हैं। उस वीडियो की वजह से टेलर को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किया है, 'टेलर से बेहतर डांस मेरा छोटा भाई कर लेता है'।




# ब्रैड की आगामी फिल्म अगले साल होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** ब्रैड पिट की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फॉर्मूला 1 पर आधारित यह फिल्म अगले साल बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान 'टॉप गन: मेवरिक' बना चुके जोसेफ कोसिंस्की के हाथों में है। ब्रैड पिट हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह फॉर्मूला 1 रेसिंग पर आधारित फिल्म में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अगले साल 25 जून को रिलीज होगी। सिनेमाघरों में इस फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए एपल ने वॉर्नर ब्रदर्स के साथ साझेदारी की है। कंपनी इन दिनों अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एपल टीवी प्लस पर फिल्मों को लाने से पहले ज्यादातर फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज कर रही है।



# अश्मित पर भड़क गई थीं मल्लिका...

**मुंबई।** अश्मित पटेल फिल्म मर्डर में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत के साथ काम कर चुके हैं। अश्मित ने कहा, 'फिल्म में एक सीन था जहां पर मुझे उनके गला को दबाना था।' मुझे याद है मैंने नसीर साहब से पूछा कि कैसे चोक कर सकते हैं, बिना किसी को असर में डाले। उन्होंने फिर बताया कि कैसे करें कि एक्सप्रेशन से लगेगा कि आप कर रहे हो, लेकिन असल में ऐसा नहीं हुआ। मैंने फिर वैसे ही किया और कट के बाद मल्लिका ने इश्यू बना दिया। अश्मित ने बताया कि मल्लिका काफी दिमाग वाली थीं और उन्होंने उस वक्त अपने स्टेटमेंट और कई चीजों से खुद को लाइमलाइट में रखा था, जबकि बाकी सब पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। इसके बाद उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया, जब मल्लिका ने अश्मित पर गला दबाने का आरोप लगाया था।



# सुनाए पिता की कामयाबी के किस्से...

**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी हाल ही में 'डांस दीवाने' शो में बतौर जज नजर आए। एक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पिता वीरप्पा शेट्टी के बारे में साझा किया कि वह नौ साल की उम्र में अपने घर से भाग गए थे और मुंबई के एक होटल में वेटर की नौकरी की। अभिनेता ने आगे कहा, 'उन्होंने दक्षिण भारतीय होटल में नौ साल की उम्र में नौकरी की, हमारे समुदाय के बारे में एक चीज है कि हम एक -दूसरे की मदद करते हैं। उनकी पहली नौकरी टेबल साफ करने की थी। वह बहुत छोटे थे। वह इतने छोटे थे कि उन्हें टेबल को साफ करने के लिए उसके चार चक्कर लगाने पड़ते थे। वह चावल की बनी बोरियों पर सोते थे। उन्होंने आगे कहा कि उनके मालिक ने तीन इमारतें खरीदी और उनके पिता को उसकी देखभाल के लिए कहा।

टीवी मसाला



# तलाक की खबरों के बीच निखिल को फैंस ने खूब सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** दलजीत कौर और निखिल पटेल के बीच की खटास अब जग-जाहिर हो चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने पति पर शादीशुदा होने के बावजूद एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर होने के आरोप लगाए थे जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए दोनों ने एक-दूसरे पर निशाना साधा था। अब उनकी ये आपसी अनबन तलाक तक जा पहुंची है।हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केन्या के कोर्ट में कपल की अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इन सबके बीच हाल ही में दलजीत कौर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वह काफी इमोशनल नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को दूसरी बार तलाक का दर्द झेलता देख उनके फैंस का कलेजा पसीज गया है। सोशल मीडिया पर उनके फैंस सामने आकर उन्हें तसल्ली और सांत्वना दे रहे हैं। जहां कई फैंस ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है, तो कई ने उनके पति निखिल पटेल को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई है। एक सोशल मीडिया यूजर दलजीत कौर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखते हैं, 'वो बुड्ढा था बहुत ज्यादा.. तुम्हें उससे शादी नहीं करनी चाहिए थी। तुमने उस उम्रदराज इंसान से शादी क्यों की। तुम्हें कोई काफी अच्छा इंसान मिल जाता।'

## बॉडीगार्ड ने सरेआम की थी बदतमीजी मना करने पर भी बार-बार किया था टच



**नई दिल्ली।** अविका गौर टीवी पर किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सीरियल 'बालिका वधू में 'आनंदी' का किरदार निभा घर-घर में पहचान बनाई। छोटे पर्दे से निकलकर अविका गौर साउथ सिनेमा और हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में अविका गौर ने हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वह अपने बॉडीगार्ड की हरकत से सकते में आ गई थीं। एक्ट्रेस ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनके बॉडीगार्ड ने उनके साथ सरेआम बदतमीजी की थी। ये वाकया कजाकिस्तान का है। अविका गौर ने अपने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे याद है किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की थी। मैंने जब पीछे मुड़कर देखा तो वहां सिर्फ मेरा बॉडीगार्ड मौजूद था। मैं फिर जब स्टेज पर जा रही थी तब दोबारा किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की, लेकिन वहां मेरे बॉडीगार्ड के अलावा कोई और नहीं था।

# बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके दक्षिण के ये सितारे, लिस्ट के नाम कर देंगे हैरान

*__मुंबई।__ दक्षिण के कई सितारे बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके। इस लिस्ट में पहले नंबर पर रामचरण का नाम आता है। उनका नाम तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शामिल किया जाता है। __आरआरआर के बाद राम चरण__ पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो चुके हैं। हालांकि, उनका बॉलीवुड डेब्यू काफी फीका रहा था। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी फिल्म जंजीर से उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। इसके बाद राम चरण किसी भी हिंदी फिल्म में नजर नहीं आए।*



*__विक्रम तमिल सिनेमा__ के दिग्गज सितारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी के वह कई बार दर्शकों को चौंका चुके हैं। अभिनेता ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन बॉलीवुड में वह बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने रावण और डेविड नाम की हिंदी फिल्म में काम किया, लेकिन दोनों ही फिल्में टिकट खिड़की पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं।*



*__विजय देवरकोंडा__ को गीता गोविंदम और अर्जुन रेड्डी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह भी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। फिल्म लाइगर में वह अनन्या पांडे के साथ नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी।*



*__सूर्या तमिल सिनेमा__ के एक और सितारे का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अभिनेता कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन बॉलीवुड में उनकी फिल्मों का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म रक्तचरित्र 2 में वह नजर आए थे, लेकिन यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।*



# गोविंदा की वो फिल्म जिसने 1993 में बॉक्स ऑफिस पर रच डाला था इतिहास



**मुंबई।** आज भले ही गोविंदा फिल्मों से दूर हो चुके हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब बॉक्स ऑफिस पर उनके नाम से ही फिल्में सुपरहिट हुआ करती थीं। लाइमलाइट से दूर हो चुके गोविंदा की ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें आप बार-बार भी देखें तो मन नहीं भरेगा। आज हम आपको गोविंदा की उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महज 2 करोड़ में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन रिलीज होते ही यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई और कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। एक्शन से लेकर कॉमेडी तक, गोविंदा ने अपने करियर में हर तरह की फिल्में कीं और उन सभी में उन्हें सफलता भी मिली। ठीक ऐसी ही एक फिल्म थी 'आंखें' जो साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गोविंदा की यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही हंगामा मचाने लगी थी, जो बेहद ही कम बजट में बनकर तैयार हुई थी। विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, फिल्म 'आंखें' साल 1993 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी। यह एक कॉमेडी फिल्म थी, जो डेविड धवन द्वारा निर्देशित और अनीस बज्मी द्वारा लिखित थी। इस फिल्म में गोविंदा के साथ चंकी पांडे, रितु शिवपुरी, रागेश्वरी, शिल्पा शिरोडकर, बिंदू, हरीश पटेल, शक्ति कपूर, महावीर शाह और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

# 'एसएसबी 29' के लिए राजामौली ने खरीदे अफ्रीकी किताबों के अधिकार!



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार महेश बाबू और फिल्म निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली 'एसएसएमबी 29' के जरिए पहली बार साथ काम कर रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को लेकर दर्शक लगातार नई जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने पहले बताया था कि यह फिल्म अफ्रीकी जंगलों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इंडियाना जोन्स एडवेंचर टेम्पलेट की कहानी को दिखाएगी। वहीं, अब इस फिल्म की कहानी को लेकर एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक एसएस राजामौली ने कथित तौर पर अफ्रीकी-ब्रिटिश उपन्यासकार विल्बर स्मिथ के बेस्टसेलिंग एडवेंचर उपन्यासों ट्रायम्फ ऑफ द सन और किंग ऑफ किंग्स के अधिकार खरीद लिए हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इन दोनों पुस्तकों की विषय-वस्तु निश्चित रूप से राजामौली को फिल्म की कहानी के लिए बड़ा आधार देगी, जिसके जरिए राजामौली फिल्म की कहानी को दमदार बनाने की योजना बना सकते हैं। ये दोनों पुस्तकें सूडान, अफ्रीका में सेट हैं और अफ्रीकी क्षेत्रों में कई पात्रों की साहसिक यात्रा को बताती है।

# इन सितारों को मिला था 'बॉर्डर' का ऑफर, ठुकराने के बाद पीटा माथा!


*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल बनने जा रहा है। मेकर्स ने बॉर्डर 2 की घोषणा भी कर दी है। ये फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर में सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना और तब्बू जैसे तमाम सितारे नजर आए थे। 1997 में आई इस फिल्म में नजर आने से पहले कई स्टार्स को इस फिल्म का ऑफर दिया गया था। इन कलाकारों के हां बोलने से पहले बॉर्डर को कई सितारे ठुकरा चुके थे।*



**आमिर खान** : इस लिस्ट में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का नाम भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर खान को भी फिल्म 'बॉर्डर' में रोल ऑफर हुआ था। मगर उन्होंने भी इस फिल्म को करने से मना कर दिया था।



**जूही चावला** : 'बॉर्डर' में तब्बू भी अहम किरदार में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका किरदार भी काफी पसंद आया था। मगर शायद ही आप जानते हो कि इस किरदार के लिए तब्बू मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले इस किरदार के लिए मेकर्स ने जूही चावला से बात की थी। उन्होंने इसे करने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद ये तब्बू की झोली में आ गिरी।



**अनिल कपूर** : धरवीर के रोल में नजर आए अभिनेता अक्षय खन्ना का किरदार पहले अनिल कपूर को ऑफर हुआ था। मगर अनिल कपूर ने भी किसी कारणवश इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। इसके बाद ये फिल्म अक्षय खन्ना को ऑफर हुई थी। धरवीर के किरदार में उन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

